Doon Public School Bhuj

Sub:Hindi **Class:VI**

पाठ-1 मेरे देश के लाल **Date:28/04/2020**

(पाठ्यपुस्तिका-अभ्यास कार्य)

पाठ-चर्चा

बताइए -

प्र:1 इस कविता के रचनाकार का नाम क्या है ?

उ:1 इस कविता के रचनाकार का नाम बालकवि बैरागी है |

प्र:2' देश के लाल' हठीले क्यों बताए गए हैं ?

उ:2 देश के लाल हठीले इसलिए बताए गए हैं क्योंकि वे देश की रक्षा के लिए कुछ भी कर सकते हैं |

प्र:3 कौमी गीत क्या होता है ? HOTS

उ:3 देश भक्ति से ओत-प्रोत काव्य को कौमी गीत कहते हैं |

लिखिए -

क, कुछ शब्दों में

1.माँ की खातिर मर जाना अर्थात - मातृभूमि के लिए बलिदान देना

2. करके अपना वचन निभाना अर्थात - अपने वादे पूरे करना

3, आज़ादी अधिकार सभी का अर्थात - स्वतंत्रता सबका अधिकार है

ख. काव्यांश

1. 'दूध-दही की नदियाँ' का अर्थ है - देश में बहुत समृद्धि और खुशहाली है |

2.धरती किन चीज़ों से पटी पड़ी है ? धरती हीरा,पन्ना,माणिक आदि से पटी पड़ी है |

3,काव्यांश का मूल भाव तीं पंक्तियों में लिखिए |

इस काव्यांश से हमें भारत की समृद्धि और खुशहाली के बारे में पता चलता है | इससे हमें यह भी पता चलता है कि यहाँ कितने मेहनती लोग हैं और भारत ने कितनी तरक्की की है |

भाषा मंजूषा

1.नीचे दिए गए शब्दों से ऐसे वाक्य बनाइए जिनसे उनके अलग-अलग अर्थ स्पष्ट हो जाएँ -

क. लाल - हमारे देश के लाल हमारी रक्षा करते हैं |

लाल - मुझे लाल रंग बहुत पसंद है |

ख. माँग - गर्मियों में बिजली की माँग बढ़ जाती है |

माँग - स्त्रियाँ माँग में सिन्दूर भरती हैं |

ग. कल - कल हम घूमने जाएँगे |

कल - मशीनों में अनेक कल पुर्जे होते हैं |

घ. मान - हमें अपने गुरु का मान करना चाहिए |

मान - मैंने पिताजी की बात मान ली |

2. प्रत्येक के दो-दो पर्यायवाची लिखिए -

दूध -	दुग्ध	क्षीर	**पानी** -	जल	नीर
धरती -	भूमि	धरा	**माँ** -	माता	जननी
हिमालय -	गिरिराज	पर्वतराज	**शीश** -	सिर	मस्तक
मेघ -	बादल	घन	**विश्व** -	दुनिया	जग

3.विलोम लिखिए -

आज़ादी - गुलामी	**उच्च** - निम्न	**शिखर** - तल
हँसते - रोते	**अहिंसा** - हिंसा	**धरती** - अंबर
शुभ - अशुभ	**शांति** - अशांति	**मरना** - जीना

व्याकरण एवं अनुप्रयोग

दिए गए अर्थ के लिए उचित मुहावरे पर सही ✓ का निशान लगाइए -

1.अपनी ही बातें करते रहना

क. आँखें चुरा लेना

ख. अपना ही राग अलापना ✓

ग. अपना उल्लू सीधा करना

घ. अँगूठा दिखाना

2.बहुत आदर करना

क.आँखें दिखाना **ख.** आँखों से गिरना **ग.** आँखें चुरा लेना **घ.** आँखें बिछाना ✓

3. बहुत अभिमान करना

क. आसमान पर चढ़ना ✓ **ख.** आकाश के तारे तोड़ना

ग. आकाश से बातें करना **घ.** आकाश को छूना

4. क्रोध को बढ़ाना

क.आपा खोना **ख.** आग में घी डालना ✓ **ग.** ऊँची-ऊँची हाँकना **घ.** उँगली पर नचाना

(नोटबुक-कार्य)

कठिन शब्द

1. मणिक
2. हठीले
3. झुकाना
4. आँचल
5. कल्याणी
6. शिखर
7. ध्वजा
8. गँवाना
9. फहरती
10. कौमी गीत (प्रादेशिक गीत)

अधिकतम शब्दों में -

1. **'मेरे देश के लाल' से कवि का संकेत किस ओर है ?**

   उत्तर - 'मेरे देश के लाल' से कवि का संकेत देशवासियों विशेषकर सैनिकों की ओर है |

2. **शान से कैसे जिया जा सकता है ?**

   उत्तर - मन में साहस हो , स्वाभिमान हो , किसी केसामने सिर न झुकाना पड़े , तभी शान से जिया जा सकता है |

3. **'अहिंसा का पानी' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं ?**

   उत्तर - प्राणी मात्र के प्रति दया , करुणा , प्राण रक्षा का भाव जो भारतीय संस्कृति का मूल भाव भी है |

4. **भाव लिखिए -**

   i. विश्व शांति के गीत सुनाती जहाँ चुनरिया ये धानी

   उत्तर - भारत स्वयं शांति से रहता है और सारे विश्व को शांति का संदेश देता है |

ii. आज़ादी अधिकार सभी का जहाँ बोलते सेनानी

उत्तर -यहाँ के सैनिक जानते हैं कि स्वतंत्रता हर देशवासी का अधिकार है | इसलिए वे देश की रक्षा करते हैं |

5. मातृभूमि के लिए लोग क्यों मर मिटते हैं ?

उत्तर - देश माँ के सामान होता है | देश की रक्षा करने के लिए प्राणों का भी बलिदान देना किसी भी देश प्रेमी को अपना पहला कर्त्तव्य लगता है |

<u>मूल्याधारित प्रश्न</u> (नोट - छात्र स्वयं करेंगे |)

प्र:1. किसी भी नागरिक के लिए देश क्या महत्त्व रखता है ?

उत्तर - (छात्र स्वयं करें)